# भारत सरकार
# रेल मंत्रालय
# रेलवे भर्ती बोर्ड

सीईएन संख्या: 07/2024

मिनिस्टीरियल और आइसोलटेड कोटियों के विभिन्न पदों के लिए भर्ती

**सीबीटी (10-09-2025 से 12-09-2025 तक आयोजित) के प्रश्न, उत्तर और कुंजी देखने संबंधी सूचना तथा प्रश्नों/विकल्पों/कुंजियों पर आपत्तियां (यदि कोई हों) उठाने की सूचना**

सीईएन संख्या: 07/2024 के अंतर्गत मिनिस्टीरियल और आइसोलटेड कोटियों के विभिन्न पदों के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) 10-09-2025 से 12-09-2025 तक आयोजित की गई थी। CBT में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को अपने प्रश्न, उत्तर और उत्तर कुंजियाँ देखने के लिए, RRB की वेबसाइटों पर एक लिंक उपलब्ध कराया गया है जो 03.10.2025 को 19:00 बजे से 08.10.2025 को 19:00 बजे तक सक्रिय रहेगा।

उपरोक्त विवरण देखने के बाद, प्रश्नों, विकल्पों और कुंजियों के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो अभ्यर्थी उसे उठा सकते हैं, जिसके लिए समय-सारिणी, शुल्क और प्रक्रिया नीचे दी गई है:

1. **समय सारिणी**:

| क्रमांक | गतिविधि | दिनांक और समय |
|---|---|---|
| 1. | प्रश्नों, उत्तर कुंजियों को देखना और प्रश्नों, विकल्पों और कुंजियों के विरुद्ध आपत्तियाँ उठाना और ऑनलाइन शुल्क भुगतान। | **03.10.2025 को 19:00 बजे से** |
| 2. | प्रश्नों को देखना, आपत्तियाँ उठाना और भुगतान की विंडो बंद होना। | **08.10.2025 को 19:00 बजे** |

2. **आपत्तियाँ दर्ज करने का शुल्क:**

प्रति प्रश्न आपत्ति दर्ज करने के लिए निर्धारित शुल्क **50/-** रुपये + लागू बैंक सेवा शुल्क है। यदि उठाई गई आपत्ति सही पाई जाती है, तो ऐसी वैध आपत्तियों के विरुद्ध भुगतान किया गया शुल्क लागू बैंक शुल्क काटने के बाद उम्मीदवार को वापस कर दिया जाएगा। यह धनवापसी उस खाते में की जाएगी जहाँ से उम्मीदवार ने ऑनलाइन भुगतान किया है।

3. **शुल्क भुगतान का तरीका:**

   **1.** रुपे कार्ड/क्रेडिट कार्ड।

   **2.** यूपीआई।

   **3.** नेट बैंकिंग।

4. **आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया:**

आवश्यक दिशानिर्देशों के साथ विस्तृत प्रक्रिया आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर उपलब्ध होगी।

5. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तिथि और समय अर्थात **08.10.2025** को **19:00** बजे से पहले आपत्ति(यों), यदि कोई हो, दर्ज करें। इसके बाद प्रश्नों, विकल्पों, कुंजियों आदि पर उम्मीदवारों के किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. उठाई गई आपत्तियों पर आरआरबी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा और इस मामले में उम्मीदवारों से आगे कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा।

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**Date: 03.10.2025**